

# JLN Govt. College Haripur (Manali)
## College Activity

| Sr. No. | Particular | Remarks |
|---|---|---|
| 1 | **Date** | 18/09/2024 |
| 2 | **Name of Activity** | Plantation Drive in Somban Area |
| 3 | **Name of Unit/Agency/Department Organizing the Activity** | Old Students Association JLNGC Haripur, Manali |
| 4 | **Name of Collaborating Agency (If Any)** | NCC, Rover and Ranger and MA Political Science Students |
| 5 | **No. of Student Participants** | 60 |
| 6 | **No. of Teacher Participants** | 5 |
| 7 | **Brief Report** | A one day plantation drive was organized by OSA of JLNGC Haripur , Manali on dated 18/09/2024 in the Somban area which has been marked as Reserve Forest area by the department of Forests HP. In this plantation drive 250 saplings of Deodar and 50 saplings of Wild Chestnut were planted. Students of NCC , Rover and Ranger and M.A. Political science department alongwith members of OSA actively took part in this drive. |





Scanned with OKEN Scanner












Scanned with OKEN Scanner












Scanned with OKEN Scanner

**न्यूज** डायरी

## सोमवन में रोपे 300 पौधे



हरिपुर (कुल्लू)। जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर की पूर्व छात्र संगठन की इकाई ने सोमवन में पौधारोपण किया। इस दौरान देवदार के 250 और 50 खनोर के पौधे रोपे गए। पूर्व छात्र संगठन के सचिव प्रोफेसर रवी ठाकुर ने वनों के संरक्षण और उनके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पर्यावरण बचाने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधारोपण पर जोर देना होगा। इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी टीटू, बीओ कमल ठाकुर, वनरक्षक गौरव शर्मा, धनेश्वरी गुलरिया, रोवर एवं रेंजर इकाई के रोवर लीडर प्रोफेसर लालचंद, प्रियंका ठाकुर, समाजशास्त्र विभाग से प्रोफेसर कृष्णा शर्मा, छात्र संगठन के कार्यकारिणी परिषद के सदस्य रक्षा, शुभम, लेखराज ठाकुर, मधु शर्मा, ज्योति शर्मा आदि मौजूद रहे। संवाद

# विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



हरिपुर महाविद्यालय के पूर्व छात्राएं पौधे रोपते हुए ● जागरण

जागरण संवाददाता, हरिपुर : जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर-मनाली के पूर्व छात्र संगठन इकाई की ओर से महाविद्यालय के साथ लगते क्षेत्र सोमवान में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 250 देवदार तथा 50 खनोर के पौधों का पौधारोपण किया गया।

इस कार्य को सफल बनाने के हेतु महाविद्यालय की रोवर एवं रेंजर इकाई के सदस्य, एनसीसी कैडेट्स और राजनीति शास्त्र विभाग के एमए के विद्यार्थियों ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम की विशेष अतिथि वन परिक्षेत्र अधिकारी पतलीकूहल टीटू, पूर्व छात्र संगठन के अध्यक्ष बबलू ठाकुर रहे। पूर्व छात्र संगठन की कार्यकारिणी परिषद द्वारा वन परिक्षेत्र अधिकारी टीटू बीओ कमल ठाकुर, वनरक्षक गौरव शर्मा व धनेश्वरी को सम्मानित किया गया।

IQAC Coordinator
Coordinator
IQAC
JLN GC Haripur (Manali)

Event Organizer
Secretary O.S.A.

18/9/24
Principal
Principal
JLN Govt. College Haripur (Manali)
...ali) Distt...

Scanned with OKEN Scanner

# JLN Govt. College Haripur (Manali)
## College Activity

| Sr. No. | Particular | Remarks |
|---|---|---|
| 1 | **Date** | 24/10/2024 |
| 2 | **Name of Activity** | Special Lecture on Cyber Crime |
| 3 | **Name of Unit/Agency/Department Organizing the Activity** | Old Students Association JLNGC Haripur, Manali |
| 4 | **Name of Collaborating Agency (If Any)** | Department of Political Science |
| 5 | **No. of Student Participants** | 200 |
| 6 | **No. of Teacher Participants** | 10 |
| 7 | **Brief Report** | A special lecture on cyber crime was organized by OSA on dated 24/10/2025 in the seminar hall of the college. Inspector Mukesh and Praveen Chandel were deputed from the office of SP Kullu for this purpose. Almost 200 students attended the programme.A ppt on cyber crime was also shared with the students. After delivering the lecture ,an interactive session was also held in which the invited speakers tried to answer the queries of the students.   |













Scanned with OKEN Scanner

पंजाब केसरी FRI,25 OCTOBER 2024
EDITION: KULLU KESARI, PAGE NO. 2

[illegible]

## छात्रों को दी साइबर क्राइम संबंधी जानकारी

मनाली, 24 अक्तूबर (सोनू): राजकीय महाविद्यालय हरिपुर मनाली में पूर्व छात्र संगठन द्वारा साइबर क्राइम विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता साइबर सेल कुल्लू के इंस्पेक्टर मुकेश व प्रवीण चंदेल ने छात्रों को साइबर क्राइम संबंधी जानकारी प्रदान की।

इस दौरान छात्र छात्राओं द्वारा साइबर क्राइम संबंधित प्रश्न पूछे गए। इसके बाद पूर्व छात्र संगठन राजकीय महाविद्यालय हरिपुर मनाली द्वारा मुकेश व प्रवीण चंदेल को सम्मानित किया गया।

पूर्व छात्र संगठन के अध्यक्ष बबलू ठाकुर ने साइबर क्राइम पर व्याख्यान के लिए पुलिस साइबर सेल का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में प्रो. दुनी चंद राणा व प्रो. मनी ठाकुर ने भी अपने विचार रखे।

अमर उजाला

## साइबर क्राइम पर विद्यार्थियों को किया जागरूक



हरिपुर महाविद्यालय में साइबर क्राइम पर हुए कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्राध्यापक और विद्यार्थी। (स्रोत : पाठक)

हरिपुर (कुल्लू)। राजकीय महाविद्यालय हरिपुर में वीरवार को पूर्व छात्र संगठन की ओर से साइबर क्राइम विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता इंस्पेक्टर मुकेश और प्रवीण चंदेल ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम पर जागरूक किया। व्याख्यान के बाद महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने साइबर क्राइम से संबंधित प्रश्न पूछे। पूर्व छात्र संगठन के अध्यक्ष बबलू ठाकुर ने साइबर क्राइम विषय पर अपने विचार रखे। प्रो. दुनी चंद राणा और प्रो. मनी ठाकुर ने कहा कि साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। जागरूकता से ही साइबर क्राइम से बचा जा सकता है। कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों में भी उत्साह देखने को मिला। संवाद


IQAC Coordinator
IQAC
JLN GC Haripur (Manali)

Event Organizer
Secretary O.S.A.

Principal
Principal
JLN Govt. College Haripur (Manali)
JLN Govt. College, Haripur
(Manali) Distt. Kullu (H.P.)
DDO Code - 208


Scanned with OKEN Scanner


# JLN Govt. College Haripur (Manali)
## College Activity


| Sr. No. | Particular | Remarks |
|---|---|---|
| 1 | Date | 29/11/2024 |
| 2 | Name of Activity | Special Lecture on Mental Health |
| 3 | Name of Unit/Agency/Department Organizing the Activity | Old Students Association JLNGC Haripur, Manali |
| 4 | Name of Collaborating Agency (If Any) | Department of Political Science |
| 5 | No. of Student Participants | 200 |
| 6 | No. of Teacher Participants | 15 |
| 7 | Brief Report | A special lecture on the topic of Prevention of drug abuse and Mental Health was organized by OSA in the seminar hall of the college on dated 29/11/2024. Dr Satyavrat Vaidya was the resource person in this programme. After delivering the lecture an interactive session was also held in which a large number of students participated.   |


Scanned with OKEN Scanner





Scanned with OKEN Scanner

# योग- ध्यान और व्यायाम रखे तनाव मुक्त

## जवाहर लाल नेहरू उत्कृष्ट महाविद्यालय हरिपुर में मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम

दिव्य हिमाचल ब्यूरो- हरिपुर

जवाहर लाल नेहरू उत्कृष्ट महाविद्यालय हरिपुर मनाली में मानसिक स्वास्थ्य और नशीले पदार्थों के दुरुपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम करवाया गया। जवाहर लाल नेहरू उत्कृष्ट महाविद्यालय हरिपुर (मनाली) में महाविद्यालय के ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन और जिला स्वास्थ्य विभाग कुल्लू के संयुक्त प्रयास से आयोजित किए गए कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य और नशीले पदार्थों के दुरुपयोग जैसे गंभीर मुद्दों पर प्रकाश डाला गया। व्याख्यान का आयोजन कालेज के सेमिनार हाल में किया। ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन (ओएसए) के अध्यक्ष बबलू ठाकुर, उपाध्यक्ष रक्षा, सदस्य मधु, धर्मेंद्र कुमार और सचिव प्रोफेसर सनी ठाकुर कार्यक्रम में उपस्थित रहे। पुनर्वास चिकित्सक डाक्टर सत्यव्रत वैद्य ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। उन्होंने नशीले पदार्थों के हानिकारक प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए योग-ध्यान और व्यायाम जैसी गतिविधियों को अपनाएं। उन्होंने नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहने और ऐसे लोगों की मदद करने के लिए प्रेरित किया जो इन समस्याओं से जूझ रहे हैं। महाविद्यालय के सेमिनार हाल में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया। ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन के सदस्यों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रोफेसर रमेश चंद ने डाक्टर वैद्य और ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन के सदस्यों का धन्यवाद किया। यह कार्यक्रम छात्रों के बीच मानसिक स्वास्थ्य और नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के प्रति जागरूकता फैलाने में सफल रहा।



कुल्लू : जवाहर लाल नेहरू उत्कृष्ट महाविद्यालय हरिपुर मनाली में कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राएं

# नशे से रहें दूर, योग पर करें फोकस : डॉ. वैद्य

## पुनर्वास केंद्र के प्रभारी ने विद्यार्थियों को बताया मानसिक स्वास्थ्य का महत्व

संवाद न्यूज एजेंसी

हरिपुर (कुल्लू)। जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर (मनाली) में पूर्व छात्र संगठन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य और नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव जैसे गंभीर मुद्दों पर जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग के नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र भुंतर के प्रभारी डॉ. सत्यव्रत वैद्य कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद

### हरिपुर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य का महत्व बताया और नशीले पदार्थों के हानिकारक प्रभावों से भी अवगत करवाया।

तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए विद्यार्थी योग, ध्यान और व्यायाम जैसी गतिविधियों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई और खेलों पर ध्यान केंद्रित करें और नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहें। साथ ही नशे की चपेट में आए लोगों को नशा निवारण केंद्र में उपचार करवाने के लिए प्रेरित करें।

महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रो. रमेश चंद्र ने कहा कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। डॉ. सत्यव्रत वैद्य ने विद्यार्थियों को नशे से दूरी बनाने और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग और ध्यान पर फोकस करने की सलाह दी है, जो निश्चित तौर पर विद्यार्थियों के लिए फायदेमंद रहेगा।

इस दौरान पूर्व छात्र संगठन के अध्यक्ष बबलू ठाकुर, उपाध्यक्ष रक्षा, सदस्य मधु, धर्मेंद्र कुमार और सचिव प्रो. सनी ठाकुर मौजूद रहे।


Coordinator IQAC JLN GC Haripur (Manali)
IQAC Coordinator

Event Organizer
Secretary O.S.A.


Principal
JLN Govt. College ...
JLN Govt. College Haripur (Manali)

Scanned with OKEN Scanner

JLN Govt. College Haripur (Manali)
College Activity

| Sr. No. | Particular | Remarks |
|---|---|---|
| 1 | Date | 05/03/2025 |
| 2 | Name of Activity | Plantation of Persimmon Plants in the College Campus |
| 3 | Name of Unit/Agency/Department Organizing the Activity | Old Students Association JLNGC Haripur, Manali |
| 4 | Name of Collaborating Agency (If Any) | Boys Hostel Students |
| 5 | No. of Student Participants | 30 |
| 6 | No. of Teacher Participants | 5 |
| 7 | Brief Report | On dated 05/03/2025 the members of executive council of OSA planted 20 Persimmon plants in the campus of the college. Some of the plants were also planted in the backyard of the boys hostel of the college. Principal Dr Shefali, Prof. lal Chand, Prof. Ram Kumar, Dr DC Rana , Secretary of OSA Prof Sunny Thakur actively took part in this plantation programme.  |


adidas
Haripur, Himachal Pradesh, India
Google


Haripur, Himachal Pradesh, India
Google


Haripur, Himachal Pradesh, India
Google


Haripur, Himachal Pradesh, India
Google


Haripur, Himachal Pradesh, India
Google


Haripur, Himachal Pradesh, India
Google

## हरिपुर कॉलेज में रोपे जापानी फल के पौधे

[illegible]

## जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में पूर्व छात्रों ने किया वृक्षा रोपण



सवेरा न्यूज/मनु शर्मा, मनाली : बुधवार 5 मार्च 2025 को जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर मनाली में पूर्व छात्र संगठन द्वारा जापानी फल के पौधे रोपे गए। पौधारोपण से पहले पूर्व छात्र संगठन व राजनीति शास्त्र के छात्रों द्वारा हॉस्टल के आसपास के क्षेत्र को साफ किया गया। इस अवसर पर पूर्व छात्र संगठन की तरफ से उपाध्यक्ष रक्षा कार्यकारिणी परिषद के सदस्य धर्मेंद्र कुमार, मधु व सचिव प्रोफेसर रमेश ठाकुर उपस्थित रहे। इस पौधारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर शेफाली, प्रोफेसर लालचंद हॉस्टल वार्डन, प्रोफेसर राजकुमार प्रोफेसर दुनी चंद राणा उपस्थित रहे।

## हरिपुर में रोपे गए जापानी फल के पौधे

मनाली। हरिपुर के जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर मनाली में पूर्व छात्र संगठन द्वारा जापानी फल के पौधे रोपे गए। पौधारोपण से पहले पूर्व छात्र संगठन व राजनीति शास्त्र के छात्रों द्वारा हॉस्टल के आसपास के क्षेत्र को साफ किया गया। इस अवसर पर पूर्व छात्र संगठन की तरफ से उपाध्यक्ष रक्षा कार्यकारिणी परिषद के सदस्य धर्मेंद्र कुमार मधु व सचिव प्रोफेसर रमेश ठाकुर उपस्थित रहे। इस पौधारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर शेफाली, प्रोफेसर लालचंद हॉस्टल वार्डन, प्रोफेसर राजकुमार प्रोफेसर दुनी चंद राणा उपस्थित रहे।

IQAC Coordinator | Event Organizer | Principal

Coordinator IQAC, JLN GC Haripur (Manali)

Principal, JLN Govt. College Haripur (Manali)